'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 204 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 09 अक्टूबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# भाजपा के विपुल गोयल ने रचा जीत का इतिहास, फरीदाबाद में रिकॉर्ड मतों से विजय





समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र 89 से भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल ने इतिहास रचते हुए 93,651 वोट प्राप्त किए और 48,388 वोटों के भारी अंतर से कांग्रेस के प्रत्याशी लखन सिंगला को पराजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

इस ऐतिहासिक जीत के साथ, विपुल गोयल भाजपा के चौथे सबसे बड़े अंतर से जीतने वाले नेता बन गए हैं। विशेष बात यह रही कि विपुल गोयल को सभी भाजपा प्रत्याशियों में सर्वाधिक 65.45% वोट मिले, जो उनकी लोकप्रियता और समर्थन का प्रमाण है।

**भव्य रोड शो से मनाया जीत का जश्न**

इस शानदार जीत के जश्न में विपुल गोयल के सागर सिनेमा स्थित कार्यालय से एक भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ आयोजित इस रोड शो में भारी संख्या में जनता ने भाग लिया और विजयी नेता का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रोड शो में उपस्थित लोगों ने विपुल गोयल को भारी जनसमर्थन और आशीर्वाद देकर इस ऐतिहासिक विजय को और भी खास बना दिया।

**आत्मविश्वास और रणनीति ने दिलाई जीत**

विपुल गोयल ने भाजपा से टिकट मिलने के बाद अपनी जीत के प्रति विश्वास जताया था और अपने पहले ही दिन समर्थकों को 40,000 से अधिक वोटों से जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

प्रारंभ में यह लक्ष्य चुनाव प्रचार का हिस्सा मात्र समझा जा रहा था, लेकिन विपुल गोयल ने अपनी मेहनत और रणनीति से इसे वास्तविकता में बदल दिया।

**जनता के भरोसे और समर्थन का वादा**

रोड शो के दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए विपुल गोयल ने कहा, जनता ने मुझे रिकॉर्ड तोड़ मतदान करके फरीदाबाद के भविष्य की बागडोर सौंपी है। मैं जनता के आशीर्वाद और समर्थन को सार्थक करने के लिए अपने संकल्प पत्र के सभी वादों को प्राथमिकता से पूरा करूंगा। उसके बाद ही मैं किसी और काम की तरफ ध्यान दूंगा।

**फरीदाबाद के विकास की नई दिशा**

इस ऐतिहासिक जीत ने न सिर्फ भाजपा की स्थिति को फरीदाबाद में मजबूत किया है, बल्कि विपुल गोयल के नेतृत्व और उनकी विकास योजनाओं ने भी मतदाताओं के दिलों में अपनी जगह बना ली है। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जनता ने विपुल गोयल को फरीदाबाद के विकास और प्रगति के लिए एक मजबूत नेता के रूप में चुना है।

विपुल गोयल की इस विजय के साथ, फरीदाबाद के लोग अब उनसे उम्मीद कर रहे हैं कि वे अपने वादों को पूरा करते हुए क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## कांग्रेस के झूठ और फरेब के नेरेटिव को जनता ने किया खारिज : वोहरा

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर जीत की हेट्रिक लगाई है, जिससे प्रदेश और जिले के सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। हरियाणा की जनता जनार्दन ने भाजपा के पक्ष में मेंडेट देकर मोदी जी और नायब सिंह सैनी जी के 10 साल की नीतियों पर मुहर लगाई है और अगले 5 साल प्रदेश की जनता के नॉन स्टॉप विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। कांग्रेस लोकसभा की तरह झूठ का नेरेटिव फैलाकर विधानसभा चुनावों मे भी वोट बटोरना चाहती थी लेकिन प्रदेश की देवतुल्य जनता ने कांग्रेस के झूठे नेरेटिव को दरकिनार कर तीसरी बार भाजपा मे फिर आस्था जताई और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार चुनी।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय



कैबिनेट मंत्री मनोहरलाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा के सभी नव निर्वाचित प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं व प्रदेश की देवतुल्य जनता को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। भाजपा ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, पंकज पूजन रामपाल, लक्ष्मण तंवर, सुखबीर मलेरना, जिला मिडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, प्रकाशवीर नागर, विवेक मिश्रा, मनीष छौंकर, योगेश तेवतिया, जगविंदर फोगाट, संदीप शर्मा, सचिन गुप्ता, सचिन शालीन, तरुण शर्मा, पुनीता झा, प्रिया सहगल, आभाष अग्रवाल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्री वोहरा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में 36 बिरादरी के समर्थन व आशीर्वाद से फरीदाबाद जिले की 6 सीटों में से 5 सीटों पर भाजपा ने प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज की है जो हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। भाजपा के लिए उनके कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी पूँजी हैं। जिन्होंने फ़रीदाबाद की सभी 6 सीटों पर गली-गली, घर-घर जाकर नायब सिंह सैनी जी के लिए जनता का आशीर्वाद माँगा है, वह सचमुच सराहनीय है।

# फरीदाबाद की छह सीटों में से पांच भाजपा के खाते में, एक कांग्रेस ने जीती

## भाजपा के सतीश फागना, धनेश अदलक्खा, मूलचंद शर्मा, विपुल गोयल व राजेश नागर जीते, कांग्रेस से रघुबीर तेवतिया जीते

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मंगलवार को घोषित हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों के परिणामों में फरीदाबाद जिले की छह विधानसभा सीटों में से पांच सीटों पर भाजपा जीत की ओर अग्रसर हो रही है। केवल एक सीट कांग्रेस के खाते में गई है। फरीदाबाद जिले की एनआईटी 86, बडखल 87, बल्लभगढ 88, फरीदाबाद 89 व तिगांव में जहां भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की वहीं एकमात्र पृथला क्षेत्र से कांग्रेस ने विजयी पताका फहराया। एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार फागना ने 91 हजार 992 वोट हासिल किए, जबकि दूसरे स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा 58775 वोट ही हासिल कर पाए। सतीश फागना ने कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा को 33 हजार 217 वोटों से पराजित कर दिया। इसी प्रकार बडखल से भाजपा प्रत्याशी ने 79 हजार 476 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप को 6181 वोटों से शिकस्त दे दी।

विजय प्रताप को 73 हजार 295 वोट हासिल हुए। इसके अलावा बल्लभगढ़ से भाजपा प्रत्याशी पंडित मूलचंद शर्मा 61 हजार 806 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूर्व संसदीय सचिव एवं निर्दलीय उम्मीदवार शारदा राठौर को 17 हजार 730 वोटों से हरा दिया। शारदा राठौर को कुल 44 हजार 76 मत हासिल हुए, जबकि यहां तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी राव रामकुमार रहे, जिन्होंने 23 हजार 77 वोट हासिल किए। कांग्रेस प्रत्याशी पराग शर्मा यहां चौथे स्थान पर रही, उन्हें 8674 मत ही हासिल हो पाए। फरीदाबाद विधानसभा 89 से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री विपुल गोयल



ने अपने निकटवर्ती प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला को 48 हजार 388 के बड़े मार्जिन से हराकर जीत दर्ज की। विपुल गोयल को 93 हजार 651 वोट मिले, जबकि लखन सिंगला को 45 हजार 263 वोट हासिल हुए। इसके अतिरिक्त तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने 94 हजार 229 वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी ललित नागर को 37 हजार 401 वोटों से हराया। ललित नागर को 56 हजार 828 वोट हासिल हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर 21 हजार 656 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे। पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर सिंह तेवतिया ने 70 हजार 262 वोट लेकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा को 20 हजार 541 वोटों से पराजित किया। टेकचंद शर्मा को 49863 वोट हासिल हुए। इन चुनाव परिणामों से जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। आज जिला के सभी छह मतगणना केंद्रों पर मतगणना उपरांत विजेता रहे प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे गए। डीएवी स्कूल सेक्टर-14 फरीदाबाद में निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम शिखा ने फरीदाबाद विस क्षेत्र से विजेता रहे भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल को, श्रीमती सुषमा स्वराज कॉलेज बल्लभगढ़ में बल्लभगढ़ आरओ एवं एसडीएम मयंक भारद्वाज ने विजेता रहे भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को, बडखल विस क्षेत्र के लिए दौलत राम धर्मशाला में निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बडख़ल अमित मान ने विजेता रहे भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलखा को, एनआईटी विस क्षेत्र के लिए लखानी धर्मशाला फरीदाबाद में निर्वाचन अधिकारी एवं एडीसी डा.आनंद शर्मा ने विजेता रहे भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार फागना को, पृथला विस क्षेत्र के लिए, पंजाबी भवन में निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ दहिया ने विजेता कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया और तिगांव विस के लिए गुर्जर भवन में निर्वाचन अधिकारी एवं सीईओ डीआरडीए सतबीर मान ने विजेता रहे भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। मतगणना के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने सभी छह मतगणना केंद्रों का दौरा करते हुए चल रही मतगणना प्रक्रिया को देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि दोपहर बाद तक चली मतगणना प्रत्याशियों व उनके मतगणना एजेंट के सामने पारदर्शिता के साथ की गई जिसमें भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया से लेकर मतगणना प्रक्रिया को पूरी सजगता व सक्रियता के साथ पूरा किया गया है। किसी भी रूप से भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की अवहेलना न हो इसके लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे। डीसी ने जिला में शांति प्रिय ढंग से संपन्न हुई मतगणना में सभी प्रत्याशियों व चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि टीम भावना के साथ ही विधानसभा चुनाव को पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पुरा किया गया है। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से हताश और मायूस नजर आए। चुनाव परिणामों को लेकर सुबह से ही मतगणना केंद्रों पर प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस प्रशासन द्वारा मतगणना केंद्रों को पूरी तरह से छावनी में तब्दील किया हुआ था। परिणाम के बाद किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## जीत का जश्न



समाचार गेट ब्यूरो

हथीन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी मौहम्मद इसराइल के विजयी होने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज़ ने मौहम्मद इसराइल को विधायक बनने पर शुभकामनाएं दी।

## जीत का जश्न अपनों के संग



समाचार गेट ब्यूरो

तिगांव विधानसभा क्षेत्र द्वारा राजेश नागर को फिर से विधायक चुने जाने की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए फरीदाबाद सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा अपने समर्थकों के साथ।

# नवनिर्वाचित विधायक मूलचंद शर्मा के जीतने पर किया बल्लभगढ़ की जनता का आभार प्रकट

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की जनता का नवनिर्वाचित विधायक मूलचंद शर्मा ने धन्यवाद प्रकट किया है। मूलचंद शर्मा के जीतने की खुशी में बल्लभगढ़ सेक्टर 2 स्थित श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महाविद्यालय से लेकर बल्लभगढ़ मेंन बाजार होते हुए रेस्ट हाउस तक रोड शो का आयोजन किया गया गाय। शहर के लोगों और कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे के साथ जीत का जश्न मनाया। बल्लभगढ़ बाजार में जगह निर्वाचित तीसरी बार विधायक बने मूलचंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। रेस्ट हाउस में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम



पंक्ति तक खड़े लोगों ने बल्लभगढ़ में कमल का फूल खिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की दिन रात की कड़ी मेहनत से ही वे तीसरी बार बल्लभगढ़ में विधायक बने है। यह बल्लभगढ़ के इतिहास में पहली बार हुआ है जब लगातार एक ही पार्टी से तीसरी बार कोई विधायक बना है। उन्होंने बल्लभगढ़ की देव तुल्य जनता का बारंबार धन्यवाद किया है। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, बल्लभगढ़ के चुनाव प्रभारी मूलचंद मित्तल सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राव रामकुमार ने जताया जनता का आभार, कहा– हारे नहीं हैं, नए आयाम स्थापित हुए हैं

समाचार गेट/संजय शर्मा



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ जिले की विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राव राम राम कुमार ने बल्लभगढ़ की जनता का आभार जताते हुए कहा कि हम जितनी मेहनत कर सकते थे, उतनी हमने की और बल्लभगढ़ की जनता ने हमारा साथ भी दिया, जिसकी बदौलत हम यहां तक पहुंचे। यह जनादेश है जो लोकतंत्र के द्वारा हमें मिलता है। उन्होंने कहा कि हम जनता का फैसला स्वीकार करते हैं। हम पहले भी समाज के काम आते रहे हैं और आगे भी समाज के काम आते रहेंगे जीत-हार, उतार-चढ़ाव जीवन में आते रहते हैं। निर्वतमान पार्षद दीपक यादव ने कहा कि चुनाव प्रचार के समय में हम जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों के घर-घर तक पहुंचें और जनता ने हमें सुना। यह लोकतंत्र की खूबसूरती है हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

# तिगांव क्षेत्र के हक-हकूक की आवाज को हमेशा करेंगे बुलंद : ललित नागर

## 56 हजार 828 वोट मिलने पर पंचायती उम्मीदवार ने जताया जनता का आभार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने अपने पक्ष में 56 हजार 828 वोट मिलने पर तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी की देवतुल्य जनता का आभार जताते हुए कहा कि संघर्ष के इस समय में आपने जो प्यार और आर्शीवाद देकर मुझे हिम्मत देते हुए पंचायती उम्मीदवार बनाकर चुनावी रण में उतारा और इतने वोट देकर जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं और मेरा परिवार सदैव आपका ऋणी रहेगा। उन्होंने चुनाव में दिन- रात मेहनत करने वाले अपने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए उनकी हौंसला अफजाई की और कहा कि आपका संघर्ष व्यर्थ नहीं



जाएगा, हम आगे भी तिगांव क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनता की आवाज बुलंद करते रहेंगे। श्री नागर ने तिगांव क्षेत्र की जनता उनके परिवार का हिस्सा है और जब-जब उन्हें अपने परिवार की जरूरत पड़ी है, तब-तब यह परिवार उनके साथ चान की तरह खड़ा मिला है, इसके लिए वह हमेशा उनके आभारी रहेंगे।

## जीत का जश्न



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर सिंह तेवतिया के विजयी होने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज़ ने रघुबीर तेवतिया को विधायक बनने पर शुभकामनाएं दी।

# फरीदाबाद पुलिस की मुस्तैदी के चलते विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए संपन्न

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन के चलते फरीदाबाद में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो चुके हैं। पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि मतों की गिनती के लिए जिला फरीदाबाद में 6 मतगणना केंद्र बनाए गए थे।

पृथला 85 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती पंजाबी धर्मशाला सेक्टर 16 फरीदाबाद, एन आई टी-86 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती लखानी धर्मशाला टाउन नंबर 2, बडकल-87 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती खान दौलत राम धर्मशाला एन आई टी टाउन नंबर 2, बल्लबगढ़-88 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कॉलेज बल्लभगढ़, फरीदाबाद-89 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम ध्रुवक पब्लिक स्कूल सेक्टर- 14 तथा तिगांव-90 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती गुर्जर भवन



सेक्टर-16 में होना निर्धारित थी। पुलिस आयुक्त द्वारा मतगणना केंद्रों की सुरक्षा के लिए अहम दिशा निर्देश जारी किए गए। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर पुलिस उपायुक्त को संपूर्ण सुरक्षा एवं समीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी को पर्यवेक्षण अधिकारी व निरीक्षक को सह पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया। मतगणना केंद्रों पर तीन लेयर में सुरक्षा सुनिश्चित की गई जिसमें बाहय लेयर में जिला पुलिस बल, मध्य में सशस्त्र पुलिस बल तथा आंतरिक व थर्ड लेयर में अर्ध सैनिक बल तैनात किए गए जिनके बलबूते विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए।

# पांचवें नवरात्रि पर मां वैष्णो देवी मंदिर में हुई माता स्कंद की भव्य पूजा

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** नवरात्रों की पांचवें दिन माता वैष्णो देवी मंदिर में माता स्कंद की पूजा की गई. प्रात: कालीन आरती का शुभारंभ मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने करवाया। इस अवसर पर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई। सभी श्रद्धालुओं ने माता स्कंद की पूजा अर्चना कर अपनी अरदास लगे। मंदिर में उद्योगपति के सी लखानी, गुलशन भाटिया, विमल कुमार, विनोद कुमार, नेतराम और काशीराम ने मां की दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। इस अवसर पर मंदिर संस्थान की प्रधान जगदीश भाटिया ने श्रद्धालुओं को माता स्कंद की महिमा से अवगत करवाया। श्री भाटिया ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मां दुर्गा का पांचवा रूप स्कंदमाता कहलाता है। प्रेम और ममता की मूर्ति स्कंदमाता की पूजा करने से संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होता है और मां आपके बच्चों को दीर्घायु प्रदान करती हैं। भगवती पुराण में स्कंदमाता को लेकर ऐसा कहा गया है



कि नवरात्र के पांचवें दिन स्कंद माता की पूजा करने से ज्ञान और शुभ फलों की प्राप्ति होती है। मां ज्ञान, इच्छाशक्ति, और कर्म का मिश्रण हैं। जब शिव तत्व का शक्ति के साथ मिलन होता है तो स्कंद यानी कि कार्तिकेय का जन्म होता है। आइए जानते हैं स्कंदमाता की पूजाविधि, पूजा मंत्र, आरती और भोग।भगवान शिव की अर्द्धांगिनी के रूप में मां ने स्वामी कार्तिकेय को जन्म दिया था। स्वामी कार्तिकेय का दूसरा नाम स्कंद है, इसलिए मां दुर्गा के इस रूप को स्कंदमाता कहा गया है। जो कि प्रेम और वात्सल्य की मूर्ति हैं। मां स्कंदमाता चार भुजाओं वाली देवी हैं जो कि स्वामी कार्तिकेय को अपनी गोद में लेकर शेर पर विराजमान हैं। मां के दोनों हाथों में कमल शोभायमान हैं। इस रूप में मां समस्त ज्ञान, विज्ञान, धर्म, कर्म और कृषि उद्योग सहित पंच आवरणों से समाहित विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहलाती हैं। मां के चेहरे पर सूर्य के समान तेज है। स्कंदमाता की पूजा में धनुष बाण अर्पित करना भी शुभ माना जाता है। श्री भाटिया ने कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता स्कंद की पूजा कर अपनी अरदास लगता है वह आवश्यक पूर्ण होती है।

# होडल से बीजेपी प्रत्याशी हरेंदर रामरत्न की 2632 मतों से की जीत





समाचार गेट /हरिओम भारद्वाज

**होडल।** होडल आरक्षित विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी हरेंद्र सिंह ने अपने प्रतिद्वंदि एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान को 2632 मतों से हराकर कर जीत हांसिल की है। इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान ने 66065 मत तथा भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र रामरतन ने 68697 मत प्राप्त किए।

आपको बता दे की होडल सीट पर एक ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान तथा दूसरी ओर क्षेत्र से पहली बार चुनाव मैदान में उतरे हरेंद्र रामरतन मतगणना के अंतिम दौर तक फाइट में चलते रहे। उदयभान ने छटवें राउंड में भाजपा के हरेंद्र सिंह से 2255 मतों से बढत बनानी शुरु की। सातवें राउंड में यही बढत घटकर 1061 रह गई। आठवें राउंड में आते ही भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र ने 45 मतों से बढत बना ली, लेकिन 11वें राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान ने फिर से 623 मतों की बढत बना ली। उसके बाद 12वें राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का आंकडा घटकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में 477 पर पहुंच गया। इसके बाद तो भाजपा प्रत्याशी की जीत का आंकडा लगातार बढता ही चला गया। जिसके बाद भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान को 2632 मतों से पराजित कर ऐतिहासिक जीत हांसिल की। हरेंद्र सिंह के बढत बनाने की जानकारी मिलते ही कांग्रेस समर्थकों के चेहरे पर मायूसी छा गई और देखते ही देखते कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान सहित उनके अन्य समर्थक मतगणना केंद्र के बाहर निकलने शुरु हो गए। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र रामरतन को जीत की बधाई दी और कहा कि जनता ने जो फैसला दिया है वह उन्हें स्वीकार है। उधर भाजपा प्रत्याशी की जीत की जानकारी मिलते ही सैंकडों समर्थक महाविद्यालय के बाहर एकत्रित हो गए और आतिशबाजी कर जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। हरेंद्र रामरतन की जीत के बाद पूरा शहर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया। उधर भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र सिंह ने अपनी जीत को क्षेत्र की 36 बिरादरी की जीत बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस प्रकार उन पर भरोसा कर उन्हें जिताया है, वह भी लोगों के भरोसा को कायम रखेंगे। क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं छोडेंगे वहीं आजाद प्रत्याशी डा.नवीन रोहिल्ला ने 2047,आप पार्टी प्रत्याशी मनोहर ने 277, इनेलो के प्रत्याशी सुनील कुमार ने 1790, जजपा गठबंधन प्रत्याशी सतवीर तंवर ने 242 मत प्राप्त किए। इसी प्रकार आजाद प्रत्याशी सुनीता सौरोत ने 537, उषमा देवी 191, नीरज सौरोत,169, यशवीर 100, रजनी ने 60 तथा कुलदीप ने 55 मत प्राप्त किए। इनके अलावा नोटा पर 387 लोगों ने अपना मत दिया।

# भाजपा प्रत्याशी ने 49 हजार 863 वोट देने पर जताया जनता का आभार

## पृथला क्षेत्र के विकास में नहीं छोडूंगा कोई कोर कसर बाकी : पं. टेकचंद शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी पंडित टेकचंद शर्मा ने भाजपा के पक्ष में 49 हजार 863 वोट देने पर क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने जो प्यार व आशीर्वाद उन्हें दिया हैं, उसके लिए वह हमेशा जनता के ऋणी रहेंगे और लायक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा में समर्पित भावना से काम करेंगे।

श्री शर्मा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने जीत की हैट्रिक बनाकर बहुमत से सरकार बनाने जा रही है और सरकार बनने पर पृथला क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी जाएगी और जो वायदे उन्होंने चुनाव के दौरान जनता से किए थे, भाजपा सरकार में रहकर वह उसे पूरा करवाएंगे और पृथला क्षेत्र को विकास की राह में अग्रसर करते रहेंगे।

# पलवल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, नशा न करने की दिलवाई शपथ

समाचार गेट/ब्यूरो



**पलवल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के दिशानिर्देशों और मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के आदेश से प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। वे साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को गाँव गांव तक लेकर जा रहे हैं। स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल में एक दिवसीय 23वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। विद्यालय के निदेशक ज्योति प्रसाद दहिया की अध्यक्षता में प्राचार्य भगत सिंह की उपसथिति में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में बस चालकों, सहायकों और कर्मचारियों सहित शिक्षकों ने भाग लिया जिनकी संख्या 40 थी। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने नशे पर चर्चा की और समझाया कि नशे के कारण व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 ऐसा अचूक रामबाण है जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। इसके पश्चात ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार आगे की यात्रा पर निकल गए और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया।










स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।




# कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस होगी लाखों में इनकम

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

## इवेंट फोटोग्राफर

फोटोग्राफर बनने के लिए बस आपको एक कैमरे की जरूरत होती है जो कि 50 हजार से कम कीमत में कहीं से भी ले सकते हैं। इस काम के लिए आपके भीतर जुनून और किसी भी चीज की खूबसूरती देखने और उसे कैमरे में कैद करने का हुनर होना जरूरी है। लोगों के फैमिली फंक्शन, शादी, बर्थडे पार्टी, सोसाइटी के कार्यक्रमों आदि में फोटोग्राफर की डिमांड होती है। किसी भी इवेंट को यादगार बनाने के लिए फोटोग्राफी जरुरत बन गई है। ऐसे में आप फोटोग्राफी के जरिए अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लाइंट को ढूंढ़ना होगा और उनको डील करानी होगी।



## ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।






## आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

## मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेयरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।






# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल

**आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।**

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हो। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखे

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है। नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढे। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊपर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिन्ट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

## ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वहीं लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।



## ऐसा होना चाहिए ट्विटर अकाउंट

मार्केटिंग के क्षेत्र में उम्मीदवार के ट्विटर अकाउंट को देखने का चलन है। इससे पता चल जाता है कि उम्मीदवार का नेटवर्क कैसा है। ट्विटर प्रोफाइल को पब्लिक नहीं, प्रोफेशनल बनाएं। अपने करियर क्षेत्र से जुड़े ट्वीट डालें और फॉलो करें। अगर किसी कंपनी में सीनियर पोस्ट के लिए जा रहे हों तो 60 फीसदी ट्वीट आपकी इंडस्ट्री से जुड़े होने चाहिए।

